## सार-समाचार

### आमजन को मिल पाएगी बेहतर चिकित्सा सुविधा

**खेतड़ी।** राज्य सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने खेतड़ी उप जिला अस्पताल में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर के संचालन के लिए विभिन्न पदों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं बेहतर ढ़ंग से उपलब्ध हो सकेंगी तथा गंभीर दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार ट्रॉमा सेंटर के लिए कुल 16 नए पदों का सृजन किया गया है। इनमें एक कनिष्ठ विशेष सर्जरी, दो चिकित्सा अधिकारी (स्नातकोत्तर सर्जरी), तीन चिकित्सा अधिकारी (स्नातकोत्तर हड्डी ) तथा दस नर्सिंग अधिकारी शामिल हैं। इन पदों पर नियुक्तियां होने के बाद ट्रॉमा सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। राज्य सरकार द्वारा ट्रॉमा सेंटर के भवन निर्माण और आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया है। इससे आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त ट्रॉमा सेंटर विकसित किया जा सकेगा। वर्तमान में गंभीर रूप से घायल मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करना पड़ता है, लेकिन ट्रॉमा सेंटर शुरू होने के बाद कई मामलों का उपचार स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। क्षेत्र के लोगों ने लंबे समय से खेतड़ी में ट्रॉमा सेंटर की मांग उठाई थी। पदों की स्वीकृति मिलने के बाद आमजन में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों का मानना है कि इससे सड़क दुर्घटनाओं, औद्योगिक हादसों और अन्य आपात स्थितियों में मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता मिलेगी तथा जीवन बचाने में मदद मिलेगी। चिकित्सा विशेषज्ञों की नियुक्ति और आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता के साथ खेतड़ी उप जिला अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की ओर अठासर है। इससे आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान समय में ट्रॉमा सेंटर नहीं होने से लोगों को झुंझुनूं, जयपुर सहित अन्य स्थानों पर भटकना पड़ रहा था, लेकिन अब खेतड़ी में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया हो सकेगी ।

### 80 लाख की लागत से ड्रेनेज का नवीनीकरण पूरा

**तारानगर ।** तारानगर नगरपालिका क्षेत्र के आथुणा मोहल्ला स्थित दो नंबर ड्रेनेज का लगभग 80 लाख रुपये की लागत से नवीनीकरण पूरा हो गया है। भाजपा नेता राकेश जांगिड ने बुधवार को कार्य का अवलोकन कर संतोष जताया। विद्यालय, गौशाला व मुख्य बाजार मार्ग से जुड़े इस ड्रेनेज में वर्षों से बरसात के दौरान जलभराव हो जाता था, जिससे आवागमन बाधित होता और घरों में पानी घुस जाता था। समस्या के स्थायी समाधान के लिए 300 एमएम व्यास की पाइपलाइन और 100 एचपी व 75 एचपी की दो उच्च क्षमता वाली मोटरें स्थापित की गई हैं, जिससे बरसाती पानी की त्वरित निकासी हो सकेगी। जांगिड ने कहा कि इस कार्य से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और बरसात में आवागमन सुचारू रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ का आभार जताया। इस अवसर पर उनके साथ नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी अजयप्रताप सिंह व विद्युत विभाग सहायक अभियंता ओमप्रकाश, लखुसिँह शेखावत, त्रिशूलभाटी सहित पालिका व विद्युत विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

### विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने की जनसुनवाई

**तारानगर।** तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने बुधवार को अपने निजी निवास पर जनसुनवाई की एवं कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। शहर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने पानी, बिजली, सड़क, पेंशन सहित काफी समस्याएं विधायक बुड़ानिया ने सामने रखीं। बुड़ानिया ने सभी की बातें धैर्यपूर्वक सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए समयबद्ध रिपोर्ट मांगी और जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पहले बुड़ानिया ने दर्जन भर गांवों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया और आमजन से संवाद किया। कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय रहने को कहा। विधायक बुड़ानिया ने कहा सम्पूर्ण विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है, इसकी संभाल करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं आखिरी सांस तक इनके मान-सम्मान के लिए लड़ता रहूंगा।खेतड़ी उप जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के पद स्वीकृत।

### अक्षय लाल सैनी का ग्रामीणों ने किया सम्मान

**खेतड़ी।** सिंघाना पंचायत समिति के बाग की ढ़ाणी के अक्षय लाल सैनी का भारतीय सेना में चयन हुआ है। ठामीणों की ओर से लेफ्टीनेंट बनने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सरपंच विकास सैनी ने बताया कि अक्षय लाल पुत्र नरेन्द्र लाल सैनी ने भारतीय सेना में सिपाही से लेफ्टिनेंट पद पर नियुक्त होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षय लाल सैनी ने सेना में सिपाही के पद पर रहते हुए लेफ्टिनेंट बनने में सफलता हासिल की है। अक्षय लाल सैनी के घर आने पर युवाओं ने बुहाना मोड़ से गांव तक डीजे पर रैली निकाली। परिवार की शैक्षिणक और अनुशासित पृष्ठभूमि का लेफ्टिनेंट बनने पर गांव बाग कि ढ़ाणी सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने अक्षय लाल सैनी और उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि गांव की मिट्टी में देश सेवा का जज्बा रचा-बसा है। चयनित युवाओं ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी सफलता के पीछे गांव के पूर्व सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी युवाओं को सेना भर्ती की तैयारी के लिए शारीरिक एवं मानसिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। पूर्व सैनिक नियमित रूप से खेल मैदान में युवाओं का मार्गदर्शन करते हैं और उनमें राष्ट्रसेवा की भावना विकसित कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि गांव के युवा लगातार भारतीय सेना और विभिन्न सुरक्षा बलों में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व सरपंच सविता देवी, श्रवण कुमार, विकास कुमार सैनी, जीवनराम, नागरमल सैनी, महावीरप्रसाद , दिलीप सैनी, जगदीश सैनी, महेश यादव, प्रमोद , ललित, जयसिंह सहित अनेक ग्रामीणजन मौजूद थे।

### महाराणा प्रताप की जयंती मनाई

**नोहर** (निसं)। यहां स्थानीय महाराणा प्रताप चौक पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रताप युवा संगठन, नोहर की ओर से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने मातृभूमि के महान रक्षक महाराणा प्रताप के जीवन और उनके संघर्षों को नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कुंभलगढ़ दुर्ग में जन्मे महाराणा प्रताप के शौर्य, त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आज भी युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा प्रेरणा स्त्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि कठिन परिस्थितियों में भी सिद्धांतों से समझौता न करना और हार न मानना ही प्रताप की सच्ची विरासत है। इस अवसर पर चर्चा करते हुए कहा गया कि चित्तौड़गढ़ की मिट्टी आज भी स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसे लोग नमन करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर के. पी सोलंकी, सवाई सिंह, अनिल शेखावत, इन्द्र सिंह चौधरी, बजरंग तिवाड़ी, इमरान कायमखानी, मुकेश शर्मा, रामचन्द्र ढाका, जोगेंद्र परिहार, भीम सोलंकी, पुरुषोत्तम जोशी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। सभी ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### विधायक निधि से स्वीकृत नया कमरा

**नोहर** (निसं)। तहसील की ग्राम पंचायत 22 एनटीआर के गांव 14 बारानी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। विद्यालय में विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और पुराने भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए, विधायक अमित चाचाण की अनुशंसा पर विधायक निधि से एक नया कमरा और बरामदा निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। ग्रामीणों की पुरानी मांग हुई पूरी विद्यालय के पुराने भवन की दयनीय स्थिति लंबे समय से चिंता का विषय बनी हुई थी। इस समस्या के समाधान हेतु आरएलएस ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद सैनी एवं ठामीणों ने जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को समझते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र चाचाण ने विद्यालय का दौरा किया और स्थिति का प्रत्यक्ष जायजा लिया।

# चूरू में इनोवेट बूट कैंप का समापन किया गया

**चूरू।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में कोड चूरू कार्यक्रम में नवाचार और उद्यिमता को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर इन्क्यूबेशन सेंटर में आयोजित किए जा रहे इनोवेट चूरू बूट कैंप का समापन बुधवार को जिला परिषद सभागार में हुआ। समारोह में विधायक हरलाल सहारण, पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया, जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की तथा प्रतिभागियों के आइडियाज सुने। युवाओं के नवाचारी आइडियाज ने नए चूरू की तस्वीर दिखाई। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू के युवाओं में प्रतिभा और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन द्वारा उद्यिमता को प्रोत्साहन व स्टार्टअप कल्चर विकसित करने के लिए बूट कैंप एक सराहनीय पहल है। क्षेत्र में सुविधाओं के विस्तार, रोजगार सृजन और आर्थिक विकास की दिशा में इनोवेट चूरू जैसे प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए युवा अहम भूमिका निभाएंगे। पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष देवेन्द्र झाझड़िया ने कहा कि चूरू का युवा सबसे मेहनती है। यहां की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद युवाओं की मेहनत व जीवटता अलग पहचान रखती है। युवाओं को सही दिशा व मार्गदर्शन से उनका भविष्य सुदृढ़ होगा। चूरू जिला नवाचार व उद्यिमता क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान राकेश सहगल, राकेश प्रजापत, यतीश बेदी, विनोद कुमारी, गौरव शर्मा, पुनीत, सिद्धार्थ आदि ज्यूरी मेंबर्स ने प्रतिभागियों के स्टार्टअप आइडियाज की पिचिंग की। प्रतिभागी टीमों ने स्थानीय समस्याओं के समाधान और रोजगार सृजन पर आधारित कई अभिनव स्टार्टअप आइडियाज प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों और विशेषज्ञों ने सराहा।

■ युवाओं के नवाचारों ने दिखाई नए चूरू की तस्वीर, प्रतिभागियों ने प्रस्तुत किए अभिनव स्टार्टअप आइडियाज



जिला मुख्यालय पर इन्क्यूबेशन सेंटर में इनोवेट चूरू बूट कैंप का समापन जिला परिषद सभागार में हुआ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा भव्य आयोजन

**मंड़ावा।** शेखावाटी पब्लिक स्कूल, हेतमसर द्वारा फादर्स डे के अवसर पर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए एक विशेष "फादर्स डे वीडियो प्रतियोगिता 2026" का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 12 तक के विद्यार्थी अपने पिताजी के साथ 1.5 से 2 मिनट का प्रेरणादायक वीडियो बनाकर भाग ले सकते हैं, जिसमें वे अपने पिताजी के प्रति सम्मान, उनके योगदान एवं अपनी भावनाओं को व्यक्त करेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत चयनित शीर्ष 10 विजेताओं को 500- 500 रूपये नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जाएगा। वीडियो भेजने की अंतिम तिथि 19 जून 2026 रात्रि 11:59 बजे निर्धारित की गई है, जबकि परिणामों की घोषणा 21 जून 2026 को की जाएगी। इसी अवसर पर 21 जून को विद्यालय परिसर में फादर्स डे समारोह के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भी विशेष आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समय प्रात: 7:30 बजे से 10:00 बजे तक रहेगा। इस योग शिविर में हर आयुवर्ग के नागरिक एवं किसी भी विद्यालय के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। योगाभ्यास का संचालन विशेष योग प्रशिक्षकों द्वारा कराया जाएगा।

## पूर्व विधायक ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**रतनगढ़** (निसं)। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका रतनगढ़ के टाउन हॉल में आयोजित शहरी सेवा शिविर का मंगलवार को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पूर्व विधायक महर्षि ने लाभार्थियों को पट्टे, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना कार्ड, खाद्य सुरक्षा योजना से संबंधित दस्तावेज, श्रमिक कार्ड, पालनहार योजना तथा किसान सम्मान निधि

# हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : नवीन जैन

**झुंझुनूं।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के प्रभारी सचिव नवीन जैन ने झुंझुनूं जिले के विभिन्न सेवा शिविरों का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कहा कि सेवा शिविरों की वास्तविक सफलता का पैमाना आमजन की संतुष्टि है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा आमजन को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। नवलगढ़ नगर पालिका में आयोजित शहरी सेवा शिविर के निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक आवेदक को आवेदन की रसीद दी जाए और उसके कार्य के निस्तारण की निर्धारित समय-सीमा की स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाए जिससे लोग स्वयं शिविरों में आकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए प्रेरित हों।

उन्होंने कहा कि सेवा शिविर तभी सार्थक माने जाएंगे जब वर्षों से लंबित कार्यों का भी मौके पर समाधान हो। स्थानीय निकाय कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और सक्रियता के साथ कार्य करने का आव्हान किया तथा लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर की सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की।

ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर - इसके बाद प्रभारी सचिव ने ग्राम पंचायत गोठड़ा में आयोजित ग्राम सेवा शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने लाभार्थियों को मूंग मिनिकिट, मृदा स्वास्थ्य कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं के लाभ वितरित किए।

नवीन जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं से संबंधित जानकारी, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी पंपलेट के माध्यम से व्यापक स्तर पर उपलब्ध कराई जाए ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लोगों की जिज्ञासाओं और समस्याओं का पूर्ण समाधान प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए ।

# विकसित भारत संकल्प सम्मेलन व प्रबुद्धजन संगोष्ठी में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर की चर्चा

**चूरू।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के आवास पर बुधवार को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन व प्रबुद्धजन संगोष्ठी का आयोजन जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकसित भारत के संकल्प तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संगोष्ठी में प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत, विधायक हरलाल सहारण, पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, डॉ. वासुदेव चावला, ओम सारस्वत, संतोष मेघवाल, वंदना आर्य, सीताराम लुगरिया, राजकरण चौधरी व विनोद पूनिया मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और भारत विश्व शक्ति बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

विधायक हरलाल सहारण ने किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए संचालित योजनाओं का उल्लेख करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियान का वर्णन करते हुए कहा कि इन योजनाओं से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है और भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओम सारस्वत, डॉ. वासुदेव चावला, वंदना आर्य, संतोष मेघवाल, सीताराम लुगरिया, विनोद पूनिया और राजकरण चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।




विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## नालों की सफाई तेज, जलभराव रोकने की व्यापक तैयारी


**खेतड़ी।** आगामी मानसून को देखते हुए खेतड़ी नगरपालिका ने शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर पालिका क्षेत्र के प्रमुख नालों, नालियों एवं जल निकासी मार्गों की व्यापक स्तर पर सफाई कराई जा रही है, ताकि बरसात के दौरान वर्षा जल की निकासी सुचारू बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी नागरमल गुर्जर एवं एसआई सुनील सैनी ने सफाई अभियान का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अभियान में और अधिक गति लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने शहर के विभिन्न हिस्सों का दौरा कर सफाई कार्य की समीक्षा की तथा जल निकासी से संबंधित संभावित समस्याओं की जानकारी भी ली।

# साइबर अपराध से बचाव का मंत्र देकर पुलिस ने जगाई चेतना

**झुंझुनूं।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों, महिला एवं बाल अपराधों तथा नशे की बढ़ती प्रवृत्तियों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस थाना कोतवाली की ओर से स्वर्ण जयंती स्टेडियम में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युवाओं, विद्यार्थियों, बच्चों और आम नागरिकों को आधुनिक दौर की चुनौतियों से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी गई।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय देवेन्द्र सिंह राजावत के मार्गदर्शन तथा वृत्ताधिकारी झुंझुनूं शहर गोपाल सिंह ढाका के सुपरवीजन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना कोतवाली के थानाधिकारी श्रवण कुमार ने किया, जबकि उपनिरीक्षक रामनिवास एवं पुलिस स्टाफ ने उपस्थित लोगों को विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बढ़ते साइबर अपराधों के तौर-तरीकों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों और युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्हें मजबूत एवं अलग-अलग पासवर्ड रखने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा व्यक्तिगत सूचनाओं को गोपनीय रखने की सलाह दी गई। साथ ही सार्वजनिक वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी या संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि होती है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराकर समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित कर सकता है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर भी विशेष चर्चा की गई। बाल श्रम, बाल विवाह, बच्चों के साथ होने वाले अपराधों तथा गुड टच और बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों और अभिभावकों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि जागरूकता ही ऐसे अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसके अलावा यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों, नवीन आपराधिक कानूनों, अभियान उमंग तथा समाज में बढ़ रही नशे की प्रवृत्तियों के दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को आपातकालीन सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 112 तथा राजकॉप सिटिजन ऐप की उपयोगिता और सुविधाओं की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आमजन और पुलिस के बीच बेहतर संवाद एवं जागरूकता से ही सुरक्षित, अपराधमुक्त और जागरूक समाज का निर्माण संभव है। जनजागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, विद्यार्थी, खिलाड़ी एवं आम नागरिक मौजूद रहे और पुलिस द्वारा दी गई उपयोगी जानकारियों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।



स्वर्ण जयंती स्टेडियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ।

■ युवाओं, बच्चों और आमजन को साइबर सुरक्षा, महिला-बाल संरक्षण, सड़क सुरक्षा व नशे के दुष्प्रभावों की दी विस्तृत जानकारी

## सार-समाचार

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सीकर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष इन्द्र चंद शर्मा के नेतृत्व में योग प्रशिक्षण का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम मे जिले की योग संयोजक नीलम मिश्रा के साथ मंच पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनोज बाटड़, योग प्रशिक्षक आलोक कौशिक, महावीर जांगिड़, विशाखा कुमावत,सुमन सारण, प्रियंका कुल्हरी, सन्तरा चौधरी इत्यादि ने योग प्रोटोकोल के अनुसार योग की बारिकिया बताई। सभी अतिथियों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश दिया। मंडल अध्यक्ष इन्द्र चंद शर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा को स्वस्थ एवं संतुलित रखने का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों से नियमित योग करने का आव्हान किया। कार्यक्रम में एडवोकेट बजरंग लाल, राज शर्मा, विजय सिंह राणा, भावेश कुमावत, दिनेश पाराशर, गिरधारी सैनी, केशव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया तथा योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### देशी कट्टे के साथ युवक को दबोचा

**पिलानी।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिलानी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध देशी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा बरामद कर जब्त कर लिया तथा उसके खिलाफ मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत तथा चिड़ावा वृत्ताधिकारी विकास धींधवाल के सुपरवीजन में थानाधिकारी चन्द्रभान के नेतृत्व में गठित टीम ने मंगलवार को यह कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर पिलानी कोर्ट रोड स्थित मुक्तिधाम के पास घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी साहिल उर्फ झिड़िया (19) पुत्र जितेन्द्र, निवासी देवरोड, पिलानी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी ने हथियार कहां से हासिल किया और उसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना था। इस कार्रवाई में थानाधिकारी चन्द्रभान, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल पंकज शर्मा, कांस्टेबल धर्मवीर, प्रवीण कुमार एवं राजेश कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कार्रवाई को सफल बनाने में हेड कांस्टेबल पंकज शर्मा की विशेष भूमिका रही जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों की धरपकड़ को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पिलानी पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### नाम दुरस्ती से ग्रामीणों को मिली राहत

**सीकर।** उपखण्ड अधिकारी नीमकाथाना राजवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत गुहाला मुख्यालय पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2026 में ग्रामवासियों की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत गुहाला के निवासियों ने अपने राजस्व अभिलेखों में दर्ज गलत नामों को सही करवाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर प्रभारी के निर्देशानुसार तहसीलदार नीमकाथाना देवीलाल चौधरी, भू-अभिलेख निरीक्षक बाबूलाल यादव एवं पटवारी गुहाला त्रिलोक शर्मा द्वारा आवेदनों की जांच कर आवश्यक रिपोर्ट तैयार की गई। जांच उपरांत शिविर में ही शिविर प्रभारी द्वारा नाम दुरस्ती के आदेश जारी किए गए। आदेश जारी होने के साथ ही लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे तथा उन्हें अपने राजस्व अभिलेखों में वर्षों से चली आ रही त्रुटियों से राहत मिली। लाभार्थियों ने राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किए जाने की पहल की सराहना करते हुए राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### पीएम स्वनिधि योजना से मिली नई उड़ान

**सीकर।** लोसल निवासी हंसराज ने बताया कि वे एक सामान्य परिवार से हैं और कपड़े सिलने का कार्य करते हैं। अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता की आवश्यकता थी। इसी दौरान उन्हें जानकारी मिली कि नगर पालिका लोसल में राजस्थान सरकार द्वारा शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडरों एवं छोटे व्यवसायियों को अपना व्यापार शुरू करने तथा उसका विस्तार करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। हंसराज ने भी इस योजना के तहत 15,000 के ऋण के लिए आवेदन किया। आवेदन स्वीकृत होने पर पंजाब नेशनल बैंक द्वारा उन्हें 15,000 का ऋण प्रदान किया गया। इस ऋण की सहायता से उन्होंने अपने सिलाई कार्य को आगे बढ़ाया और अपने व्यवसाय को सुदृढ़ बनाया। आज वे अपने कार्य को अधिक आत्मविश्वास और उत्साह के साथ कर रहे हैं। उनका कहना है कि अपनी मेहनत, लगन और योजना से मिली सहायता के बल पर वे अपने व्यवसाय को और अधिक विकसित करेंगे तथा आत्मनिर्भर बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

### शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रतनगढ़ ( निसं )।** राजस्थान शिक्षक संघ उपशाखा रतनगढ़ के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया तथा शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उपशाखा अध्यक्ष भोजराज शर्मा, ब्लॉक मंत्री मुरलीधर अजमेरिया एवं सभाध्यक्ष रामचंद्र ऐचरा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में शिक्षकों ने पे प्रोटेक्शन वसूली पर रोक, ग्रीष्मकालीन अवकाश पूर्ववत रखने, 1 जुलाई से शैक्षिणक सत्र शुरू करने, एमडीएम व ट्रांसपोर्ट वाउचर के लंबित भुगतान, विद्यालयों में स्टाफ, बिजली-पानी एवं सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगें उठाईं। शिक्षक नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर संगठन व्यापक आंदोलन करेगा। इस अवसर पर शुभकरण नैण, चौथमल चीनिया, खींवाराम ख्यालिया, सुरेंद्र सीगड़, महेंद्र हुड्डा एवं रूपेश चौधरी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### पूर्व अध्यक्ष के बड़े भाई का हुआ निधन

**चिड़ावा।** चिड़ावा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुभाष शर्मा को भ्रातृत्व शोक हुआ है। उनके बड़े भाई नगेन्द्र शर्मा (71) का मुंबई के अंधेरी इलाके में आकस्मिक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन के समाचार से चिड़ावा सहित स्थानीय क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।स्व. नगेन्द्र शर्मा अपने पीछे अपनी पत्नी और दो पुत्रों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मधुसूदन फार्म हाउस पर होगी शोक बैठक : पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 19 जून (शुक्रवार) को एक शोक बैठक (श्रद्धांजलि सभा) का आयोजन किया गया है। यह शोक बैठक सूरजगढ़ रोड स्थित मधुसूदन फार्म हाउस पर सायं 4 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग, सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी अपनी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।

## विधायक ने अधिकारियों को लगाई फटकार

**नोहर( निसं )।** यहां पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक में क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विधायक अमित चाचाण ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में बिजली, पानी सहित आमजन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए उनका समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विधायक अमित चाचाण ने कहा कि वर्तमान में क्षेत्र में बिजली और पानी से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आ रही हैं।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

वरि.मंडल बिजली इंजीनियर/सामान्य, उ.प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता : http://www.ireps.gov.in 2.** ई- निविदाएं बंद होने की तिथि व समय : **06.07.2026** को **15.00** बजे तक **3.** ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय : **06.07.2026** को **15.00** बजे के बाद **निविदा संख्या : 04-इलेक्ट/बीकेएन/ई-निविदा/26-27 कार्य का विवरण :** Electrical work in clw augmentation of PF shelter at 13 Nos. NSG-5 stations (Keshrisinghpur, Lunkaransar, Mahajan, Napasar, Nohar, Rajaldesar, Raman, Sadulsahar, Sangaria, Satnali, Sri Dungargarh, Sri Karanpur, Tehsil Bhadra) of Bikaner Division (Total 64 Bays as 22 PFs). **अनुमानित लागत :** रू. 2,41,93,552/- **धरोहर रूपये :** रू. 4,83,900/- **निविदा दस्तावेज लागत :** Nil

884-DE/26

@NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें